शासकीय महाविद्यालय में आयोजन

मतदान, सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

वारासिवनी. शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत मतदान जागरूकता एवं सड़क यातायात सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ एसएस गेडाम के मार्गदर्शन तथा नोडल अधिकारी कृष्णा पराते और संयोजक विकास साहू के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ रक्षा निकोसे, तृप्ति सोनवे, कृष्णा पराते, मोहनीश इड़पाचे और विनोद हनवत उपस्थित रहे।

डॉ रक्षा निकोसे ने कहा कि मतदान करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और यह निर्णय लेने या अपना विचार प्रकट करने की एक विधि है। कृष्णा पराते ने वयस्क हो चुके छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने और मतदान प्रक्रिया हेतु जागरूक किया। सड़क सुरक्षा के महत्व को बताते हुए



कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी।

मोहनीश इड़पाचे ने कहा कि नियमों का पालन करने से व्यक्ति खुद और दूसरों की जान सुरक्षित रख सकता है। डॉ अनिरुद्ध सिंह काकोड़िया और विनोद हनवत ने जोर दिया कि सड़क यातायात सुरक्षा केवल पुलिस या सरकार की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन और संकेतों का ज्ञान हादसों को काफी हद तक कम करता है। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ मनोज गजभिए ने किया।

कार्यक्रम में डॉ टीना रहांगडाले, डॉ विनोद गजभिये, हिमांशु गरदे, नेहा मर्सकोले, रश्मिवाला पारधी, शिखा देवगिरकर, हर्षिता मेश्राम और नरेश दमाहे का सहयोग रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सरिता नागवंशी ने सभी का आभार व्यक्त किया। 13/10/26

Scanned with OKEN Scanner